दिन– मंगलवार | दिनांक– 25 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विकेंद्रीकरण के साथ शोध पर दिया जोर। पीएमसीएच के शताब्दी समारोह में कहा– मरीजों के इलाज में हो प्रौद्योगिकी का अधिक इस्तेमाल।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने राजद के बर्खास्त एमएलसी सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद की सदस्यता बहाल करने का दिया आदेश।

03. दिल्ली की विशेष अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद समेत सभी आरोपियों को ग्यारह मार्च को कोर्ट में पेश होने का दिया नोटिस।

04. और, प्रयागराज महाकुंभ में अब तक तिरसठ करोड़ से अधिक लोग लगा चुके है आस्था की डुबकी। कल महाशिवरात्रि के अवसर पर होने वाले अंतिम अमृत स्नान को लेकर श्रद्धालुओं का लगा तांता।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विकेंद्रीकरण और अधिक से अधिक शोध पर बल दिया है। राष्ट्रपति आज पटना के बापू सभागार में पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल–पी.एम.सी.एच. के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने पीएमसीएच के योगदान की प्रसंशा करते हुए कहा कि मानवता की सेवा कर इस संस्थान ने प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

–––बाइट–––

राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पी.एम.सी.एच. पांच हजार चार सौ से अधिक बिस्तरों के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बन रहा है। उन्होंने चिकित्सकों से नई रिसर्च करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने को कहा।

–––बाइट–––

राष्ट्रपति ने कहा कि पीएमसीएच के कालाजार और बोनटीबी पर किए रिसर्च को दुनियाभर में मान्यता मिली है। उन्होंने चिकित्सको से रिसर्च नेटवर्क बनाने की अपील की।

———बाइट———

राष्ट्रपति ने कृत्रिम मेधा और रोबोटिक्स का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से इलाज में क्षमता और सटीकता बढ़ेगी।

———बाइट———

राष्ट्रपति ने  राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सभी वर्गों के लोगों की सबसे बड़ी जरूरत है।

———बाइट———

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संबोधन में कहा कि पी.एम.सी.ए.एच में बढ़ती स्वास्थ्य सुविधाएं देखकर उन्हें गर्व का अनुभव हो रहा है।

———बाइट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में पहले केवल छह मेडिकल कॉलेज अस्पताल थे। अब सरकार के प्रयास से प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोले जा रहे हैं।

———बाइट———

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि आज पीएमसीएच के चिकित्सक दुनिया के हर हिस्सें में अपना योगदान दे रहे है। ये देखकर गर्व महसूस होता है।

———बाइट———

शताब्दी समारोह में राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। देश विदेश के कई जाने–माने चिकित्सक और पी.एम.सी.एच के कई पूर्ववर्ती छात्र शताब्दी समारोह में मौजूद रहे। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर पटना एयरपोर्ट पहुंची जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू आज राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। कल सुबह वे मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो जायेंगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में आज प्रदेश भाजपा कोर कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक पटना में चल रही है। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं। बैठक का प्रमुख एजेंडा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति तैयार करना है।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने राजद के बर्खास्त विधान पार्षद सुनील सिंह की सदस्यता बहाल करने का आदेश दिया है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में विधान परिषद की सदस्यता गवां चुके राजद नेता सुनील सिंह की सदस्यता बहाल करने के आदेश दिए है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि विधान पार्षद का व्यवहार अशोभनीय जरूर था लेकिन उन्हें आवश्यकता से अधिक सजा दी गई है। अदालत ने आचार समिति की ओर से जारी अधिसूचना को भी रद्द कर दिया जिसके अनुशंसा पर विधान परिषद के सभापति ने छब्बीस जुलाई को सुनील सिंह की सदस्यता रद्द कर दी थी। गौरतलब है कि इस सीट पर उपचुनाव की घोषणा कर दी गई थी और जदयू की ओर से ललन प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया था। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से रजनी कांत चौधरी।

---

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, उनके बेटे तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव, बेटी हेमा यादव समेत सभी आरोपियों को अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए सभी को ग्यारह मार्च को अदालत के समक्ष पेश होने को कहा है।

---

राज्य कैबिनेट ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दक्षिण बिहार में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई आज की बैठक में इन घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए तीस हजार

करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई। कैबिनेट विभाग के अपर मूख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि आज की बैठक में एक सौ छियालीस एजेंडे पर मंजूरी दी गई।

---

बिहार विधान मंडल के बजट सत्र के सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव की अध्यक्षता में आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह भी शामिल हुए। इसके साथ ही मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मौजूद थे। बजट सत्र अट्ठाईस फरवरी से अट्ठाईस मार्च तक चलेगा। राज्य का आम बजट तीन मार्च को पेश किया जायेगा।

---

अब खबरें महाकुंभ से–

–––म्यूजिक–––

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार अब तक संगम में तिरसठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इधर, कल महाशिवरात्रि के अवसर पर होने वाले अंतिम अमृत स्नान में भाग लेने के लिए प्रदेश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जा रहे हैं। रेलवे ने महाकुंभ में शामिल हो रहे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए है। भीड़ प्रबंधन के लिए विभिन्न स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए गए है। साथ ही कई विशेष कुंभ ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। हमारे समस्तीपुर संवाददाता ने बताया कि समस्तीपुर रेलमंडल के जयनगर और दरभंगा स्टेशन से आज दो कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई गई। जयनगर स्टेशन से शाम चार बजे जबकि दरभंगा से शाम छह बजे कुंभ स्पेशल ट्रेन रवाना की गई।

---

महाशिवरात्रि का त्योहार प्रदेशभर में कल मनाया जायेगा। इसे लेकर विभिन्न शिवालयों और मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न

पूजा समितियों द्वारा शिव बारात और शोभा यात्रा निकाली जाती है। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पटना में मुख्य आयोजन खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में किया जायेगा। जहां शहर के विभिन्न हिस्सों से निकाली गई शोभा यात्रा का समापन होगा। इधर, प्रशासन ने महाशिवरात्रि के आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए है।

---

राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश के औसत तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, सुपौल, अररिया, किशनगंज, बक्सर, भोजपुर, रोहतास समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। जबकि अन्य भागों में अगले चार दिनों तक तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी से गर्मी का अहसास होगा।

–––बाइट–––

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विकेंद्रीकरण के साथ शोध पर दिया जोर। पीएमसीएच के शताब्दी समारोह में कहा– मरीजों के इलाज में हो प्रौद्योगिकी का अधिक इस्तेमाल।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने राजद के बर्खास्त एमएलसी सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद की सदस्यता बहाल करने का दिया आदेश।

03. दिल्ली की विशेष अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद समेत सभी आरोपियों को ग्यारह मार्च को कोर्ट में पेश होने का दिया नोटिस।

04. और, प्रयागराज महाकुंभ में अब तक तिरसठ करोड़ से अधिक लोग लगा चुके है आस्था की डुबकी। कल महाशिवरात्रि के अवसर पर होने वाले अंतिम अमृत स्नान को लेकर श्रद्धालुओं का लगा तांता।

---

समाप्त